





अशोक मार्ग रोड पर स्थित भारत कंपनी के पेट्रोल पंप, भीमराव अंबेडकर मार्ग पर एचपी और पॉलिटेक्निक चौराहे स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल लेने के लिए लाइन में लगे दोपहिया वाहन चालक। भीमराव अंबेडकर मार्ग के पेट्रोल पंप पर पीएसी बुलाकर पेट्रोल का वितरण किया गया। अमृत विचार

# अफवाह से चार गुना बढ़ी पेट्रोल और डीजल की मांग

## ज्यादातर पंपों पर लगी लंबी कतारें, कई जगह बुलानी पड़ी पुलिस-पीएसी, स्थित गंभीर होने पर जिलाधिकारी खुद मैदान में उतरे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच डीजल-पेट्रोल संकट की अफवाह के चलते गुरुवार को शहर के पेट्रोल पंपों पर दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों की कतारें लग गईं। भीड़ बढ़ने पर कई पंपों पर पुलिस और पीएसी तक बुलानी पड़ गई। कई पंपों पर डीजल-पेट्रोल खत्म हो गया। हालात गंभीर होते देख जिलाधिकारी खुद मैदान में उतरे पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर स्टॉक आदि की जानकारी ली। हालत ये रही कि शहर में पेट्रोल और डीजल की बिक्री चार गुना तक बए.गई। पहले जिन पंपों पर एक टैंकर पेट्रोल की खपत तीन दिन में होती थी, वहां एक दिन में दो-दो टैंकर पेट्रोल बिक गया।

शहर में बुधवार को पेट्रोल-डीजल का संकट होने की अफवाह फैली। इसके बाद कई पंपों पर पेट्रोल भरवाने के लिए दोपहिया वाहनों की भीड़ बढ़ गई। गुरुवार को दोपहर बाद फिर पंपों पर पेट्रोल-डीजल भराने के लिए लंबी कतारें लगने शुरू हो गईं। शाम के 3 बजे तक को शहर के ज्यादातर पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। छुट्टी का दिन होने के बावजूद लोग केवल पेट्रोल भरवाने के लिए वाहन लेकर पहुंच पर लाइन में लग गए। ज्यादातर लोग वाहनों की टंकियां फुल कराने लगे। ये देख ज्यादातर पंप संचालकों ने वाहनों की कतार और अपने यहां स्टॉक का अनुमान लगाकर वाहनों के लिए पेट्रोल देने की लिमिट तय कर दी। हालत ये रही कि कई पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया। कुछ ही देर में पेट्रोल लेकर टैंकर पहुंच गए और दोबारा वितरण शुरू कर दिया गया। कुछ जगह शाम तक वितरण नहीं शुरू हो पाया। देर शाम तक ज्यादातर पंपों पर वाहनों की कतारें लगी रहीं।



गोमती नगर में पत्रकारपुरम चौराहे के पास स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल भरवाने के लिए लगी कारों की लाइन। अमृत विचार

### परेशान न हों, पर्याप्त है डीजल-पेट्रोल

- संजय भंडारी तीनों तेल कंपनियों के राज्य समन्वयक हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 20-22 दिन के लिए पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। ऊपर से लगातार डीजल-पेट्रोल मिलता रहेगा। लखनऊ समेत किसी भी जिले में कहीं कमी नहीं होगी। लोग बिल्कुल परेशान न हों। पेट्रोल डीजल का भंडारण भी न करें। सभी को जरूरत के अनुसार पेट्रोल-डीजल मिलता रहेगा।

### पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें

- एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने कहा कि जिले के सभी पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पंपों पर नगर रख जा रही है। अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं। कहीं किसी तरह की कमी नहीं है। अफवाह से बचें, पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें। तेल कंपनियों के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। कंपनियों से समन्वय स्थापित करके लखनऊ के लिए पेट्रोल डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। बुधवार शाम से पेट्रोल डीजल की मांग तेजी से बढ़ गई है। पहले जिन पंपों पर दो से तीन दिनों में एक टैंकर पेट्रोल-डीजल बिकता था, वहां अब एक दिन में ही दो टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं।

### प्राइम लोकेशन के पेट्रोल पंपों पर लोड बढ़ाएं: जिलाधिकारी

- पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ की जानकारी होने पर जिलाधिकारी विशाख जी संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार के साथ मैदान में उतर गए। इन अधिकारियों ने शाम को हजरतगंज स्थित भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आपूर्ति विभाग और तेल कंपनियों के अधिकारियों से कहा कि, हजरतगंज, गोमती नगर जिन भी प्राइम लोकेशन के पंपों पर ज्यादा ग्राहक आ रहे हैं, वहां पेट्रोल-डीजल का लोड बढ़ाया जाए, जिससे पेट्रोल-डीजल खत्म होने की समस्या न हो। ग्राहकों को वापस न लौटना पड़े। जिलाधिकारी ने पंप संचालकों से कहा कि, पेट्रोल या डीजल केवल वाहनों में ही भरें, कंटेनर आदि में पेट्रोल-डीजल न दिया जाए।





भीमराव अंबेडकर मार्ग पर पेट्रोल पंप का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### एक घंटे लाइन में लगे तब आया नंबर

- मोहनलालगंज इलाके के पेट्रोल पंप पर भी देर रात तक भारी भीड़ लगी रही। लाइन में लगे विकास ने बताया कि करीब एक घंटे बाद उनका नंबर आया। रामचन्द्र ने का कहना था कि लोगों से सुना कि लॉक डाउन लगने वाला है, इसलिए टंकी फुल करवा लें रहे हैं। मलिहाबाद तहसील के माल इलाके के पंपों पर भी लोग वाहनों की टंकियां फुल कराने के लिए लाइनों में लगे रहे। गोसाईगंज, अमेठी, गंगागंज, गुमवा खेड़ा और आसपास के पंपों पर भी भीड़ रही।यहां कई पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया। संकल्प, नायरा और राधेश्याम पेट्रोल पंप पर लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं।



### सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

- अमृत विचार, लखनऊ : प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग रणवीर प्रसाद ने कहा कि सभी जिलों में मांग के अनुरूप पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है तथा कहीं भी संकट की स्थिति नहीं है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में अतिरिक्त खरीदारी से बचें। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### पेट्रोल और डीजल पर्याप्त 24 घंटे संचालित हो रहे हैं पंप

- लखनऊ पेट्रोल डीलर एसोसिएशन के सदस्य सर्वेश वाजपेई ने बताया कि पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और पंप 24 घंटे सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। सरकार ने कहा कि अनावश्यक भंडारण से व्यवस्था पर दबाव पड़ता है, इसलिए लोग सामान्य जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें।

### रसोई गैस में कुछ राहत







रसोई गैस की समस्या से कुछ राहत मिलती दिख रही है। गुरुवार को शहर की एकेपी गैस सर्विस एजेंसी के बाहर लाइन लगाकर बुकिंग कर उपभोक्ताओं को पर्ची दी गई। पर्ची दिखाकर डिलीवरी वैन से बगैर मारामारी के सिलेंडर उपलब्ध हो गए। केदार मार्ग पर भी डिलीवरी वैन से कुछ देर बाद ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिल गए। -अमृत विचार

नाराजगी

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उठाई मांग

# जहां 90 फीसद व्यावसायिक भवन, घोषित करें मार्केट स्ट्रीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **तेलीबाग बाजार के व्यापारियों को नोटिस देने से आक्रोश**
- **व्यापारियों के साथ बैठक कर संगठन ने बनाई रणनीति**
- **हस्ताक्षर अभियान चलाकर रक्षामंत्री, योगी को देंगे ज्ञापन**

**अमृत विचार:** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से तेलीबाग बाजार के व्यापारियों को नोटिस देने पर व्यापारी नेताओं ने नाराजगी जताई है। इन नेताओं का तर्क है कि 30 से 50 वर्ष पुराने भवनों के मानचित्र की मांग करना गलत है।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को तेलीबाग मार्केट में बैठक की गई। इसमें तेलीबाग बाजार के व्यापारियों ने बताया कि अनेक भवन 50 साल पहले के बने हुए हैं ,कुछ तीन से चार दशक पहले के हैं। व्यापारियों ने इन भवनों में अपनी दुकान खरीद ली है और व्यापार करके जीविकोपार्जन कर रहे हैं तब सीलिंग का नोटिस देना अन्यायपूर्ण है।

संजय गुप्ता ने कहा कि जिन इलाकों में 90 फीसद या इससे अधिक भवन व्यवसायिक उपयोग में हैं, उन बाजारों को मार्केट स्ट्रीट घोषित करना चाहिए। इसको लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल तेलीबाग बाजार में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक हस्ताक्षर अभियान चलाकर व्यापारियों की मांग का ज्ञापन तैयार कर रक्षामंत्री, मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और क्षेत्रीय विधायक को देगा। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की तेलीबाग इकाई के अध्यक्ष राजन मिश्रा, महामंत्री राजू वाजपेयी सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### विकास की नई दिशा को किया प्रदर्शित

- **अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने स्मारिका कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विकास की नई दिशा को प्रदर्शित किया। प्रदेश के विकास का यह प्रयास ''विकसित राष्ट्र की ओर'' के विजन के तहत किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली जिले का 31,286 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल शामिल है। कार्यक्रम में इन जिलों की विकास परियोजनाओं को उजागर किया गया। साउथ सेंट्रल रेलवे ऑफ उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया गया, जो इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में सहायक है। इसके अलावा लखनऊ के आधुनिक विकास को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें नए निर्माण, परिवहन सुविधाएं और जनकल्याण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल थीं। सचिव संजय निगम ने बताया कि गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की स्मारिका का विमोचन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। इसमें महत्वपूर्ण जानकारी के साथ ही खंड समितियों के पदाधिकारियों का विस्तृत विवरण मुद्रित है।

## शहर में आज



- लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आयोजन- 7 :00 बजे से।
- अलीगंज हनुमान मंदिर में अलीगंज महावीर जी ट्रस्ट की ओर से रामनवमी पर भजन व संगीत और कथक नृत्य- 9 :00 बजे से।
- रायबरेली रोड स्थित वृंदावन कालोनी में मानव आदर्श सेवा समिति की ओर से चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन 108 कन्याओं का पूजन, कलश स्थापना और चंडी पाठ- 4 :00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आज दोपहर बाद बारिश के आसार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और आस-पास शुक्रवार को दोपहर बाद कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे और गरज चमक के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसकी संभावना जताई है। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट हो सकती है। गुरुवार को लखनऊ में सुबह से तेज धूप निकली, जिससे अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 1.7 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा।

### बजट सील न लग पाने से भुगतान फंसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** फाइलों में बजट सील न लग पाने से नगर निगम के कई ठेकेदारों का भुगतान फंस गया है। निर्धारित तिथि 25 मार्च समाप्त हो जाने से ठेकेदारों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। नगर निगम में वार्ड विकास, महापौर से लेकर नगर आयुक्त निधि से कराने वाले विकास कार्य पूरे होने पर भुगतान के लिए फाइल पर अभियंत्रण विभाग से बजट सील लगानी आवश्यक है। लखनऊ नगर निगम कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बजट सील लगाने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ाने की मांग नगर आयुक्त गौरव कुमार से की है। इसमें बिल प्रस्तुत करने के लिए 15 अप्रैल का समय मांगा गया है। महामंत्री मुकेश पांडेय ने लिखा है कि अभियंताओं की कमी के कारण एक से अधिक जोन का काम दिया गया है। सभी कार्यों में अवर अभियंता, सहायक अभियंता और नगर अभियंता की फोटो लगाना अनिवार्य है। सभी साइटों पर पहुंचकर फोटो खिंचवा पाना मुश्किल हो रहा है।

### खरीफ के लिए अप्रैल से मिलेगी खाद-बीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में कृषि विभाग ने खरीफ फसलों की रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। खाद व बीज का क्षेत्र वार उपलब्धता का आकलन किया जा रहा है। इस आधार पर किसानों को खाद, बीज और कीटनाशक की उपलब्धता कराई जाएगी और विभाग का दावा है कि बोवाई के समय डीएपी की किल्लत नहीं होगी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि मई में धान की नर्सरी, मोटा अनाज, दलहन आदि फसलों की जाएंगी। जून में मक्का की बोवाई होगी। बोवाई के समय डीएपी, एसएसपी और एनपीके अधिक मात्रा में लगेगी। पूर्ति के लिए क्षेत्र वार आकलन करा रहे हैं। इस आधार पर सरकार द्वारा उपलब्धता कराई जाएगी। फिलहाल जिले में एनपीके और डीएपी 10 हजार मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसी तरह अनुदानित बीज और निशुल्क किट का आकलन किया जा रहा ।

## सिटी ब्रीफ

### मंदिर से माता का मुकुट चोरी, रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग थाना क्षेत्र में भुईंयन देवी मंदिर से माता की चांदी का मुकुट चोरी हो गया। पुजारी ने कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से जांच की जा रही है। कैंट रोड के जिला उद्योग केंद्र के सामने स्थित भुईंयन देवी मंदिर के मुख्य पुजारी अनूप त्रिपाठी हैं। 24 मार्च की रात करीब 10 :30 बजे मंदिर बंद कर वे चले गए थे। 25 मार्च की सुबह छह बजे मंदिर खोला। साफ-सफाई के दौरान उनकी निगाह माता के मुकुट पर गयी तो वह गायब था। चांदी का मुकुट गायब देख पुजारी ने आसपास के लोगों और डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस मुख्य पुजारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक पर चाकू से हमला, गाड़ी क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के भूहर पुल के पास डाला सवार ने कार के सामने गाड़ी लगाकर युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी ने गाड़ी में तोड़फोड़ की। पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। आदर्श विहार निवासी दीपक शुक्ला के मुताबिक 23 मार्च को दुबग्गा से वापस घर आ रहा था। रास्ते में भूहर पुल के पास पीछे से डाला लेकर अनिल तीन अज्ञात लोगों के साथ आया और डाला कार के आगे लगाकर रोक लिया। जान से मारने की नियत से चाकू से वार कर दिया। गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी। घटना को लेकर पीड़ित दीपक शुक्ला ने पारा थाना में तहरीर भी दी। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

### युवती का वीडियो परिजन को भेजा

**अमृत विचार,काकोरी :** पारा में रहने वाली युवती का निजी वीडियो युवक ने सोशल मीडिया पर वायरल किया। साथ ही युवती के परिजन को भेज दिया। युवती ने पारा थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। गायत्री विहार इलाके में रहने वाली युवती ने मध्य प्रदेश सिंगरौली निवासी अंकित सिंह पिछले कुछ समय से लगातार फोन व मैसेज, सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान कर रहा है। आरोपित अंकित सिंह ने मेरी प्राइवेट फोटो व वीडियो, मैसेज में परिजनों को भेज दिया है और मुझे और मेरे परिजन को जान से धमकी दे रहा है। घटना को लेकर पीड़िता ने पारा थाना में मामला दर्ज कराया है।

### घर में घुसकर मारपीट व लूटपाट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के हंसखेड़ा में रहने वाले राजकुमार निगम के घर में घुसकर दबंगों ने मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पारा के हंसखेड़ा स्थित पुरानी कॉलोनी निवासी राजकुमार निगम ने बताया कि 24 मार्च 2026 की सुबह करीब 10 बजे वह अपने कार्यालय जाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली जुबैदा की बेटी रुकसाना उनके छोटे बेटे आशीष के साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रही थी। किसी तरह स्थिति को शांत कराकर वह घर के अंदर आ गए। कुछ ही देर बाद रुकसाना ने फोन कर अपने परिचितों को बुला लिया। करीब 8-10 लोग उनके घर में जबरन घुस गए और राजकुमार निगम, उनकी पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घर में रखे करीब 10 हजार रुपये नकद और उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन भी छीन ली। पुलिस ने जुबैदा, अफसरुन, रुकसाना, रिहाना, रियाज, सिराज, इम्तियाज और मेराज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नशे की लत पूरी करने के लिए एसजीपीजीआई परिसर में एसी के कॉपर पाइप चोरी करने वाले दो आरोपियों को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से कॉपर पाइप के टुकड़े और 1280 रुपये बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक, कैंपस में एसी यूनिट से लगातार चोरी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ाई गई। गुरुवार को जनरल हॉस्पिटल में संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान नितिन और शशांक उर्फ शशी के रूप में हुई। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शशांक के खिलाफ पहले से वाहन चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं और वह जेल भी जा चुका है।

# झपकी आने पर डिवाइडर पर चढ़ी बेकाबू बोलेरो ने मजदूर को रौंदा, मौत

## आरोपी चालक गिरफ्तार, गुडंबा के टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गुडंबा स्थित टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर पर बुधवार देर रात बोलेरो बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। जिससे डिवाइडर पर सो रहे एक मजदूर की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार एसीएमओ और चालक बच गए। घटना देखकर राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पहुंची गुडंबा पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेने के साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

जानकीपुरम निवासी अजय शुक्ल बलरामपुर जिले में एसीएमओ पद पर तैनात हैं। स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर

- हादसे में बोलेरो सवार बलरामपुर जिले के एसीएमओ व चालक बचे




लगी बोलेरो से बुधवार को चालक अहमद रजा संग एसीएमओ अपने घर जानकीपुरम आ रहे थे। देर रात करीब 11 बजे टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर पर पहुंचते ही चालक को झपकी लग गई। जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। डिवाइडर पर सो रहा मजदूर वाहन के नीचे फंस गया और कुछ दूरी तक घिसटता चला गया। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा देखकर लोगों की भीड़ लग गई। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही गुडंबा पुलिस मौके पर पहुंची।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार के कारण बोलेरो सड़क पर लहराने लगी थी, हालांकि कुछ दूर जाकर चालक ने वाहन संभाल लिया, जिससे वह पलटने से बच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मजदूर की फोटो खींचकर आसपास के थाना क्षेत्रों में भेज कर शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। घटनास्थल से कुछ कपड़े और सामान मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूर अक्सर डिवाइडर पर ही रहता और वहीं खाना बनाता था। पुलिस ने स्थानीय दुकानदार राजू की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर अहमद रजा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे निजी मुचलके पर छोड़ दिया। बोलेरो चालक अहमद रजा बलरामपुर का रहने वाला है।

### बोलेरो में फंसकर घिसटा मजदूर

- पुलिस ने बताया कि चालक ने पूछताछ में बताया कि उसे नींद आ गई थी। जिससे बोलेरो बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। गाड़ी की चपेट में आने से डिवाइडर पर सो रहे मजदूर की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोलेरो की चपेट में आने से डिवाइडर पर सो रहा मजदूर उसमें फंस गया और कुछ दूर तक घिसटता हुआ चला गया था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# फर्जी अंकपत्र बनाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** एसटीएफ ने फर्जी अंकपत्र, प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के दो सदस्यों को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 217 फर्जी मार्कशीट, सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन व माइग्रेशन प्रमाणपत्र समेत कई अहम दस्तावेज व मुहर बरामद किया गया है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी सुधांशु शेखर के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में आजमगढ़ के बरदह स्थित सुहौली का शशि प्रकाश राय उर्फ राजन शर्मा उर्फ शनि और ठेकमा का मनीष कुमार राय शामिल हैं। आरोपियों के पास से 217 फर्जी मार्कशीट, सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन व माइग्रेशन प्रमाणपत्र मिला है। वहीं, 42 फर्जी मोहर, पांच सीपीयू, दो पेन ड्राइव, 14 मोबाइल फोन, 10 रजिस्टर और एक यूपीआई क्यूआर स्कैनर बरामद हुआ है। जांच में सामने आया कि गिरोह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट तैयार कर रखी थी। आरोपी असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बनाकर उस पर नकली मार्कशीट का रिजल्ट भी अपलोड कर देते थे, जिससे दस्तावेज असली प्रतीत होता था।

- एसटीएफ ने आजमगढ़ से दबोचा, 217 जाली मार्कशीट व सर्टिफिकेट बरामद

### बीएससी के बाद करने लगा ठगी का धंधा

- एसटीएफ के मुताबिक मुख्य आरोपी शशि प्रकाश राय ने पूछताछ में बताया कि उसने दिल्ली से बीएससी की पढ़ाई की। इसके कुछ दिन बाद से ठगी के धंधे में उतर गया। 2022 में जौनपुर में एक कॉल सेंटर खोलकर सोशल मीडिया के माध्यम से ग्राहकों को फंसाता था। इसके बाद मनीष राय फर्जी दस्तावेज तैयार कर मुहैया कराता था। पूछताछ में बताया कि एक प्रमाण पत्र के लिए 20 से 25 हजार रुपये वसूलते थे। प्रमाण पत्र बनाकर आरोपी कुरियर से घर के पते पर भेजते थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 10 हजार से अधिक फर्जी प्रमाण पत्र तैयार किया है। आरोपियों के खिलाफ प्रयागराज के साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। आरोपियों को साइबर थाना प्रयागराज में दाखिल किया गया है।


शशिप्रकाश


मनीष

# कर्ज चुकाने के लिए भाई संग कर्मी ने की शोरूम में चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कर्ज उतारने के लिए इलेक्ट्रानिक शोरूम का इलेक्ट्रिक ग्राइंडर कटर से शटर काटकर चोरी करने वाले दो भाइयों को कैसरबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी दुकान का कर्मचारी है। 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर पुलिस को आरोपियों की लीड मिली थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1,61,945 रुपये, घटना में प्रयुक्त इलेक्ट्रिक कटर व स्कूटी बरामद की।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि चौक के राजा बाजार निवासी व्यापारी नितिन माहेश्वरी की कैसरबाग के गौतम बुद्ध मार्ग पर माहेश्वरी होम अप्लायंसेज के नाम से दुकान है। 25 मार्च की सुबह दुकान का शटर कटा देख पड़ोसियों ने उन्हें कॉल कर सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि गल्ले से नकदी चोरी हुई थी। पुलिस ने नितिन की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। केस पर दो टीमें गठित की गयी।इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि 100 से अधिक कैमरों के फुटेज खंगाले गए

- करीब 1.62 लाख रुपये, इलेक्ट्रिक कटर व स्कूटी बरामद




तो कंबल ओढ़े दो युवक कैद हुए। कद-काठी से पीड़ित ने अपने एक कर्मी पर शक जताया। पुलिस ने सर्विलांस व अन्य कैमरों के फुटेज खंगाले तो पुष्टि हो गयी। जिसके बाद पुलिस टीम ने विकास गौतम और उसके बड़े भाई विनय गौतम निवासी शुतुरखाना मकबूलगंज को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी विकास दुकान का कर्मचारी है। उसपर काफी कर्ज हो गया था। उसे उतारने के लिए उसने भाई के साथ मिलकर चोरी की साजिश रची। रात में स्कूटी की डिग्गी में ग्राइंडर कटर लेकर भाई संग पहुंचा। दुकान के सामने सो रहे मजदूरों को भगाया कि तुम लोग यहां गंदगी करते हो। इसके बाद शटर काटकर अंदर घुस गया, जबकि भाई विनय बाहर निगरानी करता रहा। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# पिटाई का बदला लेने को की थी मिस्त्री की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** दीपावली पर हुए विवाद का बदला लेने के लिए दोस्तों ने टाइल्स मिस्त्री रितेश की गला रेतकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून लगी चप्पल और मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस चौथे आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में अनस खान, आशु निषाद और प्रियांशु गुप्ता शामिल हैं। तीनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं। वहीं, चौथा आरोपी अरबाज अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। डीसीपी ने बताया कि मंगलवार देर रात हरदासी खेड़ा मैदान में चिनहट के कल्याणी विहार निवासी रितेश उर्फ बाला की गला रेतकर हत्या कर दी गयी थी। पास में ही उसकी बाइक खड़ी थी। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने परिजन को सूचना दी थी। जिसके बाद पिता दयाशंकर ने शव की पहचान कर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।


पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। अमृत विचार

- तीन आरोपी दोस्त गिरफ्तार, चौथे की तलाश
- हत्या में प्रयुक्त चाकू, चप्पल व मृतक का मोबाइल बरामद

आरोपियों ने कबूला कि दीपावली के दौरान पटाखा फोड़ने को लेकर रितेश और अनस के बीच विवाद हुआ था। जिसपर रितेश ने अनस को साथियों संग पीट दिया था। इस मामले में अनस ने रितेश के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। हालांकि, मामूली धाराएं होने के कारण रितेश जेल नहीं गया। इसके बाद वह आरोपियों को चिढ़ाने लगा कि उसे जेल नहीं भेज पाए। इसी खुन्नस में अनस ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रच डाली।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सर्विलांस सेल समेत चार टीमें गठित की गयी थी। कॉल डिटल के आधार पर पुलिस ने प्रियांशु को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया। बताया कि वारदात में अनस, आशु और अरबाज भी शामिल थे। उसके बाद पुलिस ने अनस और आशु को पकड़ लियाय। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**जिला बदर था अरबाज खान, 19 को समाप्त हुई थी अवधिः** इंस्पेक्टर ने बताया कि रितेश की हत्या के मामले में अरबाज खान भी शामिल है। चिनहट कोतवाली में उसके खिलाफ तीन केस दर्ज हैं। जेसीपी कानून व्यवस्था की कोर्ट ने उसे जिला बदर किया था। 19 मार्च 2026 को जिला बदर की अवधि समाप्त हो चुकी थी। मृतक के परिजन ने बताया कि जिला बदर होने के बाद भी अरबाज लगातार कल्याणी विहार कॉलोनी में रह रहा था। लेकिन पुलिस को पता तक नहीं चला।

### शव घर पहुंचने पर परिजन का हंगामा

- पोस्टमार्टम के बाद रितेश सिंह का शव बुधवार देर शाम करीब सात बजे घर पहुंचा। परिजन रात में अंतिम संस्कार न करने, हत्यारोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। स्थानीय नेताओं ने भी रितेश को गौ-रक्षक बताकर हंगामा किया। देर रात पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर परिजन को शांत कराया। देर रात 11 बजे बैकुंठ धाम में पुलिस ने अंतिम संस्कार करवाया।

### पंद्रह फीट ऊंची सीढ़ी से गिरकर मजदूर की मौत

**अमृत विचार , लखनऊः** चिनहट के मटियारी स्थित लॉन में काम करने के दौरान करीब 15 फुट की ऊंची सीढ़ी से गिरकर मजदूर की मौत हो गयी। मूल रूप से सीतापुर के अजीमाबाद निवासी सुरेंद्र वर्मा (54) मजदूर थे। वह मटियारी के एक लॉन में मजदूरी करते थे और वहीं पर रहते भी थे। परिजन का आरोप है कि बुधवार को लॉन के मालिक ने दबाव करीब 15 फुट की ऊंची सीढ़ी पर चढ़ाकर सफाई करने को कहा। इस दौरान पैर फिसलने से सुरेंद्र जमीन पर आ गिरा। आवाज सुनकर आसपास काम करने वाले साथी मदद के लिए दौड़े। गंभीर हालत में सुरेंद्र को राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को अधेड़ की मौत की जानकारी दी। सूचना पर चिनहट पुलिस अस्पताल पहुंची। परिजनों ने पुलिस को बताया कि काम करने के लिए लॉन मालिन सुरेंद्र को जबरन सीढ़ी पर चढ़ा दिया था। जिससे वह गिर गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि परिजन ने अभी कोतवाली में कोई तहरीर नहीं दी है।

# महिला मरीज से दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** निरालानगर स्थित विवेकानंद पॉलीक्लीनिक अस्पताल में बुधवार देर रात वार्ड ब्वॉय द्वारा महिला न्यूरो मरीज से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि वार्ड ब्वॉय वॉशरूम में घुस गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर बड़ी बहन ने दरवाजा खटखटाया और परिजनों को बुलाया। दरवाजा खुलने पर आरोपी अर्द्धनग्न हालत में मिला, जो धक्का देकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर महानगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अस्पताल प्रशासन ने भी उसे नौकरी से निकाल दिया है।

सीतापुर निवासी महिला को 19 मार्च को न्यूरो बीमारी के चलते भर्ती कराया गया था। 25 मार्च की शाम वह वॉशरूम गई, जहां वार्ड ब्वॉय अनीस अहमद ने अंदर घुसकर दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि उसने मरीज के साथ छेड़छाड़ कर जबरदस्ती का प्रयास किया और विरोध करने पर मारपीट की। देर होने पर बहन मौके पर पहुंची और परिजनों को बुलाया।

परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया था, लेकिन आरोप है कि नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव कर उसे भागने में मदद की। बाद में पुलिस ने अस्पताल प्रशासन के सहयोग से आरोपी को बुलाकर गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

**नर्सिंग स्टाफ व सुरक्षाकर्मियों पर भी आरोपः** पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपी को मौके से भगाने में नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों ने मदद की। पुलिस का कहना है कि इस पहलू की भी जांच की जा रही है।

- 19 मार्च को न्यूरो समस्या के चलते भर्ती कराई गई थी मरीज
- आरोपी वार्ड ब्वॉय गिरफ्तार, भाई ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट



# चाकू से हमला कर कलेक्शन एजेंट से 10 लाख लूटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मदेयगंज थाने से करीब 500 मीटर दूर खदरा दीनदयाल नगर में बुधवार देर रात पांच बदमाशों ने शराब कारोबारी के कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल पर हमला कर 10 लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया। विरोध करने पर असलहा तानने के बाद चाकू से वारकर दिया। महज सात सेकेंड के अंदर वारदात को अंजाम देकर बदमाश बंधा रोड की ओर भाग निकले। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी। पुलिस ने तहरीर पर डकैती की रिपोर्ट दर्ज कर ली है बदमाशों की तलाश में पांच टीमें गठित की गयी हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

- पांच बदमाशों ने गली में घेरकर सात सेकेंड में दिया वारदात को अंजाम
- लूट के बाद बंधा रोड की ओर बाइक सवार साथियों संग भागे बदमाश

दीनदयाल नगर निवासी मनीष जायसवाल शराब कारोबारी हैं। ऐशबाग, चारबाग, लाटूश रोड, मड़ियांव समेत शहर के कई अन्य इलाकों में उनकी और उनके परिवार से जुड़ी 11 शराब की दुकानें हैं। घर पर ही उन्होंने ऑफिस बना रखा है। जहां दुकानों के स्टॉक की लिखापढ़ी करने के लिए अकाउंटेंट बैठता है। दुकानों के कलेक्शन का काम काकोरी के सराय प्रेमराज निवासी मौसेरा भाई हर्ष जायसवाल करता है। रोजाना की तरह बुधवार देर रात हर्ष पर्वतपुर बीकेटी, मड़ियांव समेत अन्य दुकानों से कलेक्शन लेकर लौट रहा था।

पिट्ठू बैग में कलेक्शन का करीब 10 लाख रुपया थे। हर्ष ने बताया कि करीब 11:20 बजे घर से करीब 50 मीटर पहले तरन्नुम मार्केट के पास गली में घात लगाए बैठे पांच बदमाशों ने उन्हें रोककर पीटा और बैग छीन लिया। विरोध पर एक बदमाश ने पीठ पर चाकू से वार किया। बैग लूटा और भाग निकले। कुछ दूर आगे जाकर बाइक पर सवार हुए और साथियों के साथ भाग निकले। शोर सुनकर राहगीर जुट गए। घायल ने घटना की जानकारी डॉयल-112 पर दी। बलरामपुर अस्पताल में इलाज के बाद हर्ष को छुट्टी दे दी गयी।

लूट की सूचना पर डीसीपी मध्य विक्रांत वीर, एसीपी महानगर अंकित कुमार सिंह और एसओ मदेयगंज अंजनी कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की तो उसमें पांच बदमाश गली से भागते दिखे। पुलिस बंधा रोड व आसपास के सभी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### हिम्मत जुटाते मोहल्लेवाले तो पकड़े जाते बदमाश

- हर्ष जायसवाल ने बताया कि बदमाशों के हाथ में चाकू, असलहा और रॉड थी। छीना झपटी के दौरान बदमाशों ने धमकाया था कि शोर किया तो जान से मार देंगे। इसके बाद पीठ पर चाकू से वार किया और भाग निकले। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश जिस तरह वारदात को अंजाम देकर पैदल भाग रहे हैं। उस समय मोहल्ले के दो से तीन लड़के टहलते दिखे हैं। इसके अलावा एक बाइक पर दो लोग बैठे हुए भी जा रहे थे। मोहल्ले वाले हिम्मत जुटाते तो बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा जा सकता था।

**प्रताड़ना** | इंडोनेशिया में अकेला छोड़कर भागा ऑस्ट्रेलियन सिटीजन पति

# धोखा देकर एयर होस्टेस से की तीसरी शादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इंडिगो की एक एयर होस्टेस को उसके ऑस्ट्रेलियन सिटीजन पति द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पति ने अपनी दो शादियां छिपाकर पीड़िता से तीसरी शादी की और बाद में उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात भी कराया गया।

पीड़िता के पिता, जो कृष्णानगर के निवासी हैं, ने बताया कि उनकी बेटी इंडिगो एयरलाइंस में सीनियर केबिन क्रू है। उसकी शादी 12 जुलाई 2024 को मेरठ निवासी आकाश पाठक से हुई थी, जो सिविल इंजीनियर है और ऑस्ट्रेलिया में रहता है। शादी के बाद सास ने जेवर अपने पास रख लिए और पति ने नौकरी का झांसा देकर शैक्षणिक दस्तावेज ले लिए। ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर पीड़िता को पति के ड्रग्स के आदी होने और अन्य महिलाओं से संबंध होने की जानकारी मिली।

आरोप है कि पति नशे की हालत में पत्नी के साथ गलत व्यवहार करता था और विरोध करने पर मारपीट करता था। 28 फरवरी 2025 को पीड़िता ने पति के मोबाइल में आपत्तिजनक चैट देखी, जिसका विरोध करने पर उसे पीटा गया। 14 अप्रैल को पति उसे इंडोनेशिया के बाली ले गया, जहां कोल्ड ड्रिंक में ड्रग्स मिलाकर उसके अश्लील वीडियो बनाए और होटल में अकेला छोड़कर फरार हो गया।

मायके लौटने पर पीड़िता के परिवार ने ससुराल पक्ष से समझौते का प्रयास किया, लेकिन दहेज की मांग जारी रही। आरोप है कि वीडियो एडिट कर रिश्तेदारों को भेजे गए और विरोध करने पर एसिड अटैक की धमकी दी गई। पुलिस ने पति आकाश, सास अनीता और एक अन्य आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, दहेज उत्पीड़न और आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- गर्भवती होने पर किया प्रताड़ित, कराया गर्भपात
- विरोध करने पर अश्लील वीडियो किए वायरल, महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई




# बिना तलाक के पति ने की दूसरी शादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पीजीआई थाने में महिला ने पति पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। दहेज और घरेलू हिंसा से परेशान होकर वह आठ साल पहले दो बच्चों संग अपने मायके आ गई थीं। दूसरी शादी का खुलासा होने पर पीड़िता ने शिकायत की। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

एल्डिको उद्यान-टू निवासी क्षमा सिन्हा की शादी 29 जनवरी 2007 को हिंदू रीति-रिवाज से वाराणसी के लंका निवासी हिमांशु सिंह से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद से ही उसे ससुरालवाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। घरेलू हिंसा से आजिज आकर करीब आठ वर्ष पहले वह अपने दो बच्चों को लेकर मायके आ गई। आरोप है कि मायके में रहने के दौरान भी पति ने बच्चों के पालन-पोषण के लिए कोई खर्च नहीं दिया। महिला ने बताया कि अब उन्हें जानकारी मिली है कि पति ने बिना तलाक के दूसरी शादी कर ली। उससे भी बच्चे हैं। पीड़िता ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाने में नवविवाहिता ने पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व भाई संग अभद्रता करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सेक्टर एच निवासी रूबी सोनी की शादी जुलाई 2024 में सुल्तानपुर के शिवानन्द सोनी से हुई थी। आरोप है कि उसकी सास ने मायके से मिले जेवर उतरवाकर अपने पास रख लिए। दस लाख के जेवर और स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग करने लगी। मांग पूरी न होने पर पति समेत सास राधा देवी, ससुर और देवर देवानंद उसे प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना से आजिज रूबी ने आपबीती भाई को बताई। इसके बाद भाई ने ससुराल पहुंचकर सास-ससुर से बात करने का प्रयास किया तो अभद्रता कर घर से निकाल दिया।

सिटी ब्रीफ

## 16 विभूतियों को मिलेगा तिरंगा अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था एलायंस सोशल एण्ड कल्चरल सोसाइटी की ओर से 30 मार्च को विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 16 विभूतियों को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में तिरंगा अवार्ड दिया जाएगा। यह फैसला गुरुवार को अर्शफाबाद में सोसाइटी के सचिव दिलावर हुसैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। सचिव ने बताया कि वर्ष–2026 का तिरंगा अवार्ड रत्नकुमार श्रीवास्तव, गोयल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. ऋषि अस्थाना, सर्जन डॉ. सलामत खान, केजीएमयू के चिकित्सक डॉ. संजीव मोहन, अभिनेत्री डॉ. अनीता सहगल वसुन्धरा, फिल्म निर्माता राजेश कुमार जायसवाल, रंगकर्मी प्रदीप कौशल श्रीवास्तव, यश पाल सिंह राघव, नगर पालिका बिजनौर के चेयरमैन शेख शहनवाज़, खिलाड़ी इरफान अली, गायिका सोनी त्रिपाठी, साहित्यकार अलंकार रस्तोगी, संतोष प्रकाश, मुश्ताक अहमद, रोहित कुमार और शिवानी वर्मा को दिया जाएगा। समारोह में सुधीर एस हलवासिया, मुरलीधर आहूजा, डॉ. अखिलेश निगम, साद सिद्दीकी, डॉ. संदीप कुमार गुप्ता, मंजूषा भारती और मुन्ना सिंह यादव मौजूद रहेंगे।

## श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव में तुलसी रंगमंच पर कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से कृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिकाओं एवं भाव नृत्यों द्वारा दर्शकों को प्रभावित किया। मंच की प्रथम प्रस्तुति ईलाइट डांस अकादमी द्वारा दी गई। सपना थापा एवं पंकज चौहान के निर्देशन में कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से जीवंत किया। इसके बाद दीपशिखा सिन्हा के निर्देशन में सांस्कृतिक विभाग के दीपशिखा सिन्हा, अशिमता श्रीवास्तव, साक्षी, शुभ्रा यादव, शर्मिष्ठा श्रीवास्तव, तान्या राव, शुभी रस्तोगी, समृद्धि श्रीवास्तव, संस्कृति श्रीवास्तव एवं अंशिमा सिन्हा ने अपनी नृत्य प्रतिभा से सजाया। कोलकाता और लखनऊ के कलाकारों ने कृष्ण लीला का मंचन द्रौपदी स्वयंवर से शुरू किया। ब्राह्मण वेषधारी अर्जुन ने धनुष उठकर घूमते चक्र में टंगी मछली की आंख भेद दी। द्रौपदी ने अर्जुन को वरमाला पहनाई।, जिसके उपरांत पांडव द्रौपदी को विदा करा कर अपने साथ ले जाते हैं।

# राम नवमी पर आज पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न का संयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भगवान विष्णु के सातवें अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। श्रीराम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी तिथि को मध्यान काल , पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न में हुआ था। इस वर्ष चैत्र शुक्लपक्ष की नवमी उदया तिथि के अनुसार 27 मार्च शुक्रवार को है। जन्मोत्सव का श्रेष्ठ पूजा मुहूर्त दोपहर 11:47 से 12:36 बजे तक रहेगा।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस वर्ष राम नवमी पर पुनर्वसु नक्षत्र के साथ रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का अत्यंत शुभ संयोग बन रहा है। उन्होंने कहा कि, राम नवमी के दिन व्रत रखकर प्रातः माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान सहित भगवान श्रीराम का पूजन करना चाहिए। सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और विष्णु सहस्रनाम का पाठ विशेष लाभकारी माना गया है। घर और मंदिरों को बंदनवार व ध्वजा से सजाकर उत्सव मनाया जाता है। मान्यता है कि गोस्वामी तुलसीदास ने भी श्री रामचरितमानस की रचना इसी दिन शुरु की थी। इस दिन पूजा से बुद्धि, सुख-समृद्धि, रोग निवारण और साहस की प्राप्ति होती है।

उधर, राम नवमी पर शुक्रवार को धार्मिक भगवा यात्रा शोभायात्रा निकाली जाएगी। अलीगंज के कपूरथला चौराहे पर शाम 4 बजे से शोभायात्रा की शुरुआत होगी। शहर के विभिन्न मार्गों से होकर शाम सात बजे शोभायात्रा खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न होगी। इस बीच पड़ने वाले तिराहों और चौराहों व अन्य जगह शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।



शहर के अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में देवी की मूर्ति की आरती करती महिला। अमृत विचार

## अष्टमी पर हवन कर कराया कन्याओं को भोजन, किया व्रत का पारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवरात्र की अष्टमी को भक्तों ने देवी के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा–अर्चना की। मंदिरों में दर्शन–पूजन के लिए बड़ी काली जी, छोटी काली जी, दुर्गा मंदिर, संदोहन मंदिर, भुय्यन देवी मंदिर और चंद्रिका देवी समेत प्रमुख मंदिरों में सुबह से देर शाम तक कतारें लगी रहीं। मंदिरों और घरों में हवन–पूजन के अलावा कन्याभोज भी कराए गए। कन्याओं को हलवा–पूरी, दही–जलेबी का भोग लगाकर व्रत का पारण किया। शाम को मंदिरों में भजन–कीर्तन भी हुए। बिरहाना स्थित भुय्यन देवी के संयोजक बबलू ने बताया कि शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।



नवरात्र की अष्टमी को आलमबाग के एक घर में कन्याओं को भोजन करातीं महिलाएं। अमृत विचार



मां बाराही देवी में दर्शन करते भक्त। अमृत विचार

## धार्मिक सौहार्द और चमत्कारों से जुड़ा है मां बाराही देवी मंदिर

**अमृत विचार, माल :** माल के अटेर गांव में स्थित मां बाराही देवी सिद्धपीठ में श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। यह मुस्लिम समाज के लोग भी माथा टेकते हैं। मंदिर के संरक्षक रमेश सिंह चौहान ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन नीम के पेड़ पर चुनरी बांधने से मां बाराही देवी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। यहां भक्त संतान सुख, रोजगार समेत अन्य कामनाओं की पूर्ति के लिए ईंट से धन भी रखते हैं। मंदिर परिसर में हर महीने मेला लगता है, सावन में संकीर्तन, नवरात्र पर राम कथा व यज्ञ कराया जाता है। लखनऊ के अलावा हरदोई, सीतापुर, उन्नाव और बाराबंकी सहित कई जिलों से भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं।

## शहर में आज रूट डायवर्जन

**अमृत विचार, लखनऊः** अलीगंज के कपूरथला चौराहे से रामनवमी के अवसर पर 'रामनवमी की धार्मिक भगवा यात्रा' शुक्रवार 27 मार्च शाम चार बजे से निकाली जाएगी। देर शाम सात बजे खाटू श्याम मंदिर पर समाप्त् होगी। धार्मिक यात्रा कई चौराहों व तिराहों से होकर गुजरेगी। इसे देखते हुए राजधानी के प्रमुख इलाकों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह जानकारी डीसीपी यातायात रवीना त्यागी ने दी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी की स्थिति में ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर- 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

### किधर रोक, कहां से जाएं

- छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन मिडलैण्ड हास्पिटल तिराहा से नीरा नर्सिंग होम होते हुए जा सकेंगे।
- नीरा नर्सिंग होम से कपूरथला चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन वायरलेस चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- निरालानगर मोड़ से कपूरथला चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन आईटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- निरालानगर चौराहा नं.–8 से निरालानगर ओवरब्रिज होते हुए अल्कापुरी तिराहा की तरफ रोक रहेगी।
- अल्कापुरी तिराहा से कपूरथला चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन कपूरथला चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- वर्मा बिस्कुट तिराहा से कपूरथला चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन पुरनिया चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- डालीगंज रेलवे क्रासिंग से पहले तिराहा से हसनगंज थाना होते हुए डालीगंज इक्का टांगा तिराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन डालीगंज ओवरब्रिज होते हुए मदेयगंज होते हुए जा सकेंगे।
- डालीगंज इक्का टांगा तिराहा से डालीगंज रेलवे क्रासिंग तिराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन बर्मा बिस्कुट तिराहा से दाहिने मुड़कर गीता वस्त्रालय तिराहा से पुन: दाहिने मुड़कर आईटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे। ये वाहन डालीगंज ओवरब्रिज होते हुए मदेयगंज होते हुए जा सकेंगे। ये डालीगंज पुल चौराहा पिंक बूथ के सामने से मूंगफली मण्डी होते हुए केजीएमयू चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- सीडीआरआई तिराहा से शाहमीना की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन आईटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- रूमी गेट से इमामबाडा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन नया पक्का पुल, टीले वाली मस्जिद होते हुए जा सकेंगे।
- कोनेश्वर चौराहे से चरक चौराहे की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन नीबू पार्क होते हुए जा सकेंगे।
- फूलमंडी से चौक चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन रूमी गेट कोनेश्वर होते हुए जा सकेंगे।
- हैदरगंज से नक्कास तिराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन पुल के ऊपर से होते हुए नीबू पार्क तिराहा होते हुए जा सकेंगे।
- केजीएमयू चौराहा से रकाबगंज की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन चरक चौराहा होकर जा सकेंगे।
- चरक चौराहा से हैदरगंज तिराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन नक्कास ओवरब्रिज होते हुए जा सकेंगे।
- हनुमान सेतु तिराहा से सुशीला स्मृतिका चौराहा की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन सुभाष चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- सुशीला स्मृतिका चौराहा से खाटू श्याम मंदिर की तरफ रोक रहेगी। ये वाहन संकल्प वाटिका तिराहा सिकन्दरबाग चौराहा होते हुए जा सकेंगे।

# हथकरघा प्रदर्शनी में महेश्वर और चंदेरी की साड़ियां, हस्तशिल्प भी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** निरालानगर स्थित माधव सभागार में गुरुवार को स्थानीय निकाय निदेशक ऋतु सुहास ने राज्य स्तरीय हस्तशिल्प व हथकरघा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मध्यप्रदेश हस्तशिल्प व हथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित प्रदर्शनी 3 अप्रैल तक चलेगी।

प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश के 35–40 बुनकर और शिल्पियों ने स्टाल लगाए हैं। इनमें महेश्वर और चंदेरी की साड़ियां, बाग प्रिंट, मसलिन, कॉटन, कोसा, इंडिगो प्रिंट, पंचधातु व बेल मेटल की मूर्तियां, जरी-जरदोजी, लकड़ी के खिलौने और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं।

प्रदर्शनी का उद्देश्य मृगनयनी के माध्यम से स्थानीय लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराना और शिल्पियों



माधव सभागार में स्टॉल पर कपड़े पर हाथ से नक्काशी करती युवती।

को व्यापार व रोजगार का मंच देना है। प्रदर्शनी में बुनकर कार्यशालाएं, चौपाल, जरी-जरदोजी व्याख्यान तथा शहनाई वादन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए गए।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ऋचा आर्या ने किया, जबकि रिचा तिवारी, पूजा वर्मा, दक्षिता कपूर, अनिका त्रिपाठी, तुमुल त्रियासी, दिव्या तिवारी और अंकिता सहित कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

# नुक्कड़ टी स्टाल पर हुआ रंगमंच पर संवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सृजन शक्ति वेलफेयर सोसाइटी ने विश्व रंगमंच दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को गोमती नगर स्थित नुक्कड़ टी स्टाल पर अनूठे और संवादात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस विशेषकर परिवारों को रंगमंच की महत्ता और इसके सामाजिक व व्यक्तिगत लाभों से परिचित कराना था।

चाय, चर्चा और रंगमंच : अपने और अपनों के लिए विषय पर आधारित इस आयोजन में संस्था के सदस्यों ने चाय की दुकान पर मौजूद स्थानीय नागरिकों और युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव और रंगमंच कलाकार डॉ. सीमा मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और पारिवारिक जड़ों को मज़बूत करने का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि रंगमंच का मतलब ये नहीं कि हम कलाकार बनना चाहते हैं लेकिन यह जिन्दगी का बहुत बड़ा मंच है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हम अपनी भूमिका अच्छे से निभा पा रहे हैं? आज हम सब मोबाइल की छोटी सी स्क्रीन में कैद हो गए हैं। घर में चार लोग साथ बैठते हैं, पर चारों के हाथ में फोन होता है।

संवाद खत्म हो रहा है, संवेदनाएं सूख रही हैं। यहीं पर रंगमंच की ज़रूरत महसूस होती है। इसलिए हम जनता और दर्शकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। शक्ति वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधि और रंगमंच कलाकार अभिषेक सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी और मोबाइल की आभासी दुनिया में हम अपनों से दूर होते जा रहे हैं। रंगमंच हमें फिर से जीवंत संवेदनाओं से जोड़ता है।

नाटक

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया मंचन

# 'गोरखधंधा' से दिया व्यापार में नैतिकता का संदेश



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में हास्य नाटक गोरखधंधा का मंचन करते कलाकार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सूर्या थिएटर कल्चरल आर्ट्स सोसाइटी ने गुरुवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में हास्य नाटक गोरखधंधा का मंचन किया गया। विवेक मिश्रा के निर्देशन में मंचित इस नाटक का लेखन जयवर्धन ने किया।

गोरखधंधा एक बहुआयामी व्यंग्य है, जो धोखे और नैतिकता पर आधारित है। इसमें एक धूर्त व्यापारी और उसके उतने ही चालाक नौकर की करतूतों का वर्णन है। ये दोनों एक अनोखे व्यापार मॉडल का इस्तेमाल करते हैं। मकानों को अवैध रूप से किराए पर देना। हालांकि उनकी चालाकी भरी चालों में तब मोड़ आता है, जब उनकी मुलाकात एक नई किरायेदार गीता से होती है। जब इन सब की भनक मकान मालिक गुप्ता जी को लगती है, एक बेहद मजेदार क्लाइमेक्स सामने आता है। जहां हर किरदार को अपने धोखे की बेतुकी बातों का सामना करना पड़ता है। नाटक में प्रणव श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, मुस्कान सोनी, हिमांशु जायसवाल, प्रमोद सहाय और किशन ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं।

सिटी डायरी



रेलवे पॉलीक्लिनिक निरीक्षण करते पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक (कार्यवाहक) डॉ एए खान।

## रेलवे पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक (कार्यवाहक) डॉ. ए. ए. खान ने ऐशबाग स्थित रेलवे पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. खान ने रेलवे लाभार्थियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और उपलब्ध आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने उन्नत डेंटल चेयर, कंप्यूटरीकृत रेडियोग्राफी यूनिट, हीमेटोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का अवलोकन किया। विशेष रूप से एचएमआईएससिस्टम से एकीकृत जांच व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को उसी दिन रिपोर्ट उपलब्ध हो रही है। आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता भी संतोषजनक पाई गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चंद, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी तथा डॉ. संजय तिवारी भी उपस्थित रहे।




प्रो. अरविंदाक्षन को सम्मान पत्र देते अतिथि व आयोजक।

## प्रो. अरविंदाक्षन को मिला कुंवर पाल सिंह स्मृति सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनवादी लेखक संघ और डॉ. राही मासूम रज़ा साहित्य अकादमी की ओर से गुरुवार को कैफी आज़मी अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. अरविंदाक्षन को कुंवर पाल सिंह स्मृति सम्मान दिया गया। वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना, आलोचक नलिन रंजन सिंह, रामवीर सिंह और हफीज किदवई ने प्रो. अरविंदाक्षन को सम्मानित किया। केपी सिंह मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट अलीगढ़ के संयोजन में हुए आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार रामवीर सिंह ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया और नूर आलम ने प्रोफेसर अरविंदाक्षन के प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। शालिनी सिंह के संचालन में ब्रजराज सिंह यादव, नीरज, कवि रक्षित पाण्डे, कवयित्री सुमय्या ख़ान, कवि प्रदीप्त ने कविता पाठ किया।



कार्यक्रम में शामिल दूल्हा और आयोजक।

## 10 जोड़े के हुए निकाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** सामूहिक निकाह कमेटी ने सलीम अहमद राईनी की अध्यक्षता में एक शानदार सामूहिक निकाह समारोह का आयोजन किया। इसमें 10 जोड़े शादी के बंधन में बंधे। निकाह मौलाना महबूब आलम नदवी ने पढ़ाया। कमेटी के उपाध्यक्ष फहीम सिद्दीकी, महासचिव चौधरी शादाब कुरैशी, उप सचिव मुहम्मद आफाक, हाजी अम्मार कुरैशी, शहजाद कुरैशी, आरिफ ज्वैलर्स, हाजी शब्बू, मुहम्मद सैफ कुरैशी, समाजवादी पार्टी के नेता मोहम्मद एबाद, वसीम खान, महबूब कुरैशी, जमील मलिक, फरहाना, नसरीन और नुजहत मौजूद रहे।




जयंती कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते विधायक नीरज बोरा।

## मार्ग का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज के डंडहिया बाजार में गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी बोकू दादा की 106वीं जयंती पर स्मृति सम्मान का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर उत्तरी क्षेत्र के विधायक नीरज बोरा, समिति के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने बोकू दादा को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक ने स्वतंत्रता सेनानी बोकू दादा के नाम पर सड़क का लोकार्पण भी किया।

## सिटी ब्रीफ

### डेटा विश्लेषण और मॉडलिंग का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों के लिए 'आर' के माध्यम से डेटा विश्लेषण एवं मॉडलिंग पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सहसंरक्षक प्रो. शशि भूषण ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन तीन सत्र आयोजित किए गए। समन्वयक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि व्यावहारिक सत्रों का उद्देश्य अधिकारियों के डेटा विश्लेषणात्मक कौशल को सुदृढ़ करना है। दिल्ली विश्वविद्यालय सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीश चंद्रा ने "सहसंबंध एवं संबद्धता के माप" विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। राजस्थान केन्द्रीय विश्वविधालय के प्रो. अरविंद पांडेय ने प्रतिगमन विश्लेषण की मूलभूत अवधारणाओं पर विशेष जानकारी दी।

### छात्रों ने किया ओल्ड एज होम का भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की दोनों इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर वृद्धाश्रम (ओल्ड एज होम) का भ्रमण किया गया। प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. शशि प्रभा जोशी व डॉ. चंद्रशेखर राय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने वृद्धजनों से आत्मीय की और उनके साथ संवाद स्थापित किया। वृद्धजनों ने भी अपने अनुभव एवं जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया, जिससे एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण निर्मित हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नृत्य, गायन एवं नाटक प्रस्तुत किए गए। इस दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों एवं वृद्धजनों ने मिलकर सहभागिता की।

### लखनऊ टीम चयन के लिए ट्रायल कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** 36वीं जूनियर स्टेट यूपी बास्केटबॉल चैंपियनशिप (बालक वर्ग) में भाग लेने के लिए लखनऊ टीम के गठन को लेकर चयन ट्रायल शनिवार को आयोजित किए जाएंगे। यह चैंपियनशिप तीन से आठ अप्रैल तक प्रतापगढ़ में खेली जाएगी। जिला लखनऊ बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद के अनुसार, ट्रायल अलीगंज सेक्टर-ई स्थित मॉडर्न स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट पर होंगे। इसमें भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर पहुंचकर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए खिलाड़ी सौरभ गुप्ता और मनीष दुबे से संपर्क कर सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों को लखनऊ टीम का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करने का प्रयास करेगी।

### मयंक और वंश के बीच खिताबी मुकाबला तय

**अमृत विचार, लखनऊ :** आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग का फाइनल दिल्ली के खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा। शीर्ष वरीय मयंक शर्मा और वंश बिष्ट ने अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर खिताबी भिड़ंत तय की। मुकाबले लामार्टिनियर कॉलेज की लॉन टेनिस फैसिलिटी में खेले जा रहे हैं। पहले सेमीफाइनल में मयंक शर्मा ने हरियाणा के अर्नत्या ओहल्यान को एकतरफा अंदाज में 6-1, 6-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में वंश बिष्ट फाइनल में पहुंचे, जब हरियाणा के वंश नंदल ने मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय वंश बिष्ट 4-1 से आगे थे। युगल वर्ग में मुकिल रामानन और रिकी चौधरी की तीसरी वरीय जोड़ी ने लव पहल और जसराज सिंह को 7-6(5), 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में वंश नंदल और मयंक शर्मा ने सुनील कुमार और एकलव्य सिंह को 5-7, 6-4, 10-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### श्रीगोविंद गुरु विवि और बीबीएयू करेंगे शैक्षिक सहयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गोधरा, गुजरात के श्रीगोविंद गुरु विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल का आगमन हुआ, जहां दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षिक सहयोग को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के बीच हुई वार्ता में कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने समाजोपयोगी शोध पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता संकाय सदस्यों के क्षमता निर्माण पर निर्भर करती है, क्योंकि वही योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करते हैं। साथ ही अधिक स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों के साथ सहयोग विकसित करने का सुझाव दिया।

# लखनऊ को मिली भारत वेस्टइंडीज टी-20 मैच की मेजबानी

## इकाना स्टेडियम में छह अक्तूबर को खेला जाएगा मुकाबला, दिखेगा क्रिकेट का रोमांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईपीएल और भारत-अफगानिस्तान वनडे से पहले सजेगा क्रिकेट का माहौल

**अमृत विचार:** नवाबी शहर लखनऊ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। भारत दौरे पर आने वाली वेस्टइंडीज टीम के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही लखनऊ को टी-20 मुकाबले की मेजबानी मिली है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला छह अक्तूबर को इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टी-20 विश्व विजेता भारतीय टीम और वेस्टइंडीज के बीच इस हाई-वोल्टेज मैच को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है। क्रिकेट प्रेमियों को लंबे समय बाद एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मुकाबले का रोमांच देखने को मिलेगा।

इससे पहले भी इकाना स्टेडियम पर क्रिकेट का माहौल गर्म रहने वाला है। आईपीएल के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच एकदिवसीय श्रृंखला का दूसरा मैच 17 जून को इसी मैदान पर खेला जाएगा। अफगानिस्तान की टीम भारत में तीन वनडे मुकाबले खेलेगी, जिसमें लखनऊ को अहम मैच की मेजबानी मिली है।

इसके साथ ही आईपीएल के दूसरे चरण के कार्यक्रम की भी घोषणा की गई है, जिसमें लखनऊ को कुल सात मैचों की मेजबानी मिली है। पहले चरण में दो मुकाबले पहले ही घोषित किए जा चुके हैं।

### इकाना स्टेडियम में आईपीएल के मुकाबले

- 01 अप्रैल – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स
- 12 अप्रैल – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम गुजरात टाइटंस
- 22 अप्रैल – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स
- 26 अप्रैल – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स
- 07 मई – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
- 15 मई – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स
- 23 मई – लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स



इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एलएसजी नेक्स्ट-जेन डे कार्यक्रम में नई टी शर्ट में स्कूली बच्चे। अमृत विचार

# अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएएल नाइट्स और ऑलिव की शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता

**अमृत विचार:** एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएएल नाइट्स और सीएएल ऑलिव ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक हासिल किए। यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में सीएएल नाइट्स ने सीएएल एसेज को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसेज की टीम 119 रन पर सिमट गई।

जवाब में नाइट्स ने 6 विकेट खोकर 123 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से देवांश राय ने शानदार 80 रन की पारी खेली, जबकि जफर और देवांश ने गेंदबाजी में दो-दो विकेट लिए।



वहीं, एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर सीएएल ऑलिव ने सीएएल इंडिगो को आठ विकेट से पराजित किया। इंडिगो की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑलिव ने केवल दो विकेट गंवाकर 143 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम के लिए एफ. अहमद खान ने 10 चौकों की मदद से 63 रन की शानदार पारी खेली। दोनों टीमों की जीत से टूर्नामेंट में मुकाबला और रोचक हो गया है।

# इकाना में एलएसजी नेक्स्ट-जेन डे की धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों का जोश उस वक्त दोगुना हो गया, जब वे इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित नेक्स्ट-जेन डे कार्यक्रम में मैदान पर उतरे। हजारों स्कूली बच्चों ने तालियों और उत्साह के साथ टीम का स्वागत किया और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक छात्र-छात्राएं एलएसजी की नई टी शर्ट पहनकर पहुंचे थे। लाइव म्यूजिक और जोश से भरे माहौल के बीच बच्चों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण सुपर सिक्स बॉल कॉन्टेस्ट रहा। टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने अपनी दमदार बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने मिड-ऑन और फाइन लेग पर शानदार शॉट्स लगाते हुए सबसे लंबा छक्का जड़ा। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल मार्श दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एडम मार्क्रम छक्का लगाने में सफल नहीं हो सके। स्टेडियम में प्रवेश के दौरान खिलाड़ियों ने दर्शकों की ओर सिग्नेचर टेनिस बॉल्स और ऑटोग्राफ वाली गेंदें फेंककर फैंस को खुश किया। कप्तान ऋषभ पंत पूरे कार्यक्रम के दौरान बेहद उत्साहित नजर आए। उन्होंने फुटबॉल खेलकर अभ्यास किया और बच्चों और प्रशंसकों को प्रेरित भी किया। एक फैन के सवाल पर पंत ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह इस बार भी शतक जरूर बनाएंगे, हालांकि उनका आइकॉनिक फ्लिप मैच की स्थिति पर निर्भर करेगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने हाथ जोड़कर सभी प्रशंसकों का आभार जताया और टीम को लगातार समर्थन देने की अपील की।



नेक्स्ट-जेन डे कार्यक्रम में एलएसजी कप्तान ऋषभ पंत। अमृत विचार

# सहारनपुर और कानपुर के बीच होगा खिताबी मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रथम राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अब सहारनपुर और कानपुर के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीतकर खिताबी भिड़ंत में जगह पक्की की। सेज ग्राउंड पर गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में कानपुर ने इलाहाबाद को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इलाहाबाद की टीम ने 25 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाए। जवाब में कानपुर ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दूसरे सेमीफाइनल में सहारनपुर ने सीएएल ब्ल्यू को 14 रनों से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सहारनपुर ने पांच विकेट पर 125 रन बनाए, जिसमें शिखा सहलोत ने 31 और भूमि सिंह ने 28 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएएल ब्ल्यू की टीम 136 रन पर सिमट गई। सहारनपुर की ओर से भूमि सिंह ने तीन विकेट चटकाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब दोनों विजेता टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होंगी, जहां एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा रही है।

# अभिभावक बनें प्राब्लम साल्वर : मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अभिभावक बच्चों में उज्ज्वल भविष्य की ललक जगाएं और उनके प्राब्लम साल्वर बनें। सीएमएस छात्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और इन छात्रों की ऊर्जा, रचनात्मकता, सकारात्मक सोच एवं वैश्विक दृष्टिकोण वास्तव में प्रशंसा योग्य है। उक्त बातें सीएमएस में राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण दानिश आजाद अंसारी ने कहा। वह सीएमएस में आयोजित आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम भावी पीढ़ी को आदर्श नागरिक के रूप में ढालकर नवीन विश्व व्यवस्था के लिए तैयार करें।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकनृत्य, समूह गान, लघु नाटिका, एलोक्यूशन, राइम्स, विश्व संसद आदि एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक कार्यक्रमों को सभी ने खूब सराहा।



कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी।

# टीईटीका आवेदन शुल्क दो गुना बढ़ाने पर अभ्यर्थियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

UPTET

- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आवेदन शुल्क में संशोधन की मांग की
- दिव्यांगों के आवेदन में शुल्क में भी हुई दोगुनी वृद्धि

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के लिए आवेदन शुल्क में दोगुनी बढ़ोतरी कर दी है। इससे अभ्यर्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव बढ़ने से रोष व्याप्त है। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आवेदन शुल्क में संशोधन की मांग की है। नई व्यवस्था के अनुसार प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) और उच्च प्राथमिक (कक्षा 6 से 8) दोनों स्तरों की टीईटी के लिए आवेदन करने वाले सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को अब 2 हजार रुपये शुल्क देना होगा। इसी तरह अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए भी शुल्क में वृद्धि की गई है।

वर्ष 2021 में यह परीक्षा उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) ने कराई थी। तब दोनों स्तरों की टीईटी के लिए शुल्क 1200 रुपये निर्धारित था। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक में से किसी एक के लिए 600 रुपये शुल्क लिया जाता था, जबकि अब एक स्तर के लिए शुल्क बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए भी शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। अब दोनों स्तरों के लिए उन्हें 1000 रुपये देना होगा, जबकि वर्ष 2021 में यह शुल्क 800 रुपये था। पहले एक-एक स्तर के लिए 400 रुपये शुल्क निर्धारित था, जिसे अब बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है।

> सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद अभ्यर्थियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी। हमारी सरकार से मांग है कि आवेदन शुल्क में इतनी अधिक बढ़ोतरी न की जाए। इसमें संशोधन करने की मांग सभी अभ्यर्थी कर रहे हैं।
>
> -अनिल यादव, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ

**दिव्यांगों को भी देना होगा अधिक शुल्क:** दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी इस बार अधिक शुल्क देना होगा। पहले जहां दोनों स्तरों के लिए कुल 200 रुपये (100-100 रुपये प्रति स्तर) शुल्क लिया जाता था, वहीं अब इसे बढ़ाकर 400 रुपये (200-200 रुपये प्रति स्तर) कर दिया गया है।

# मशाल जुलूस विरोध का नहीं, शिक्षक अस्मिता का प्रतीक होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिक्षकों ने बैठक कर बनाई आंदोलन की रणनीति

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलनरत शिक्षक अब मशाल जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे हैं जिसके लिए बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई गई। शिक्षकों की मांग है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम- 2009 से पूर्व सेवारत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए। राजभवन गेट के सामने डिप्लोमा इंजीनियर्स कार्यालय पर बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के समस्त घटक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित मशाल जुलूस को ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक सफलता की रणनीति बनाई।



बैठक के दौरान मौजूद शिक्षक।

प्रदेश सहसंयोजक विक्रमादित्य मौर्य ने कहा यदि सरकार और संबंधित प्राधिकारी समय रहते शिक्षकों की न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेते तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं निर्णायक स्वरूप दिया जाएगा। जिला संयोजक सुरेश जायसवाल ने कहा यह आंदोलन किसी एक संगठन का नहीं, बल्कि लाखों शिक्षकों के सम्मान, सेवा-सुरक्षा और न्याय का आंदोलन है। जिला संयोजक लल्ली सिंह ने कहा कि 13 अप्रैल का मशाल जुलूस केवल विरोध का प्रतीक नहीं होगा, बल्कि यह शिक्षक अस्मिता, एकजुटता और संघर्ष का प्रज्वलित संकल्प बनेगा। जिला संयोजक विनीत सिंह ने कहा कि शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को पूर्व सेवा शिक्षकों पर थोपना अन्यायपूर्ण, अव्यावहारिक और शिक्षक सम्मान के विरुद्ध है। बैठक में प्रकाश चंद्र तिवारी, आशुतोष मिश्रा, बृजेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार सिंह, डॉ. अलका राजवंशी, शालिनी मिश्रा, अर्पण गुप्ता, मोहम्मद रियाज, मनीष खरे, बृजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

**नवाचार** | प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरित है समर इंटर्नशिप कार्यक्रम

# छात्रों को सेटेलाईट, रॉकेट व ड्रोन का मिलेगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में अंतरिक्ष सप्ताह मनाए जाने को लेकर इंडिया स्पेश लैब अब छात्रों के लिए समर इंटर्नशिप कार्यक्रम आरंभ करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध तकनीकी महाविद्यालयों के बीटेक छात्र हिस्सा लेंगे, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। यह इंटर्नशिप 45 दिनों तक ऑनलाइन मोड में संचालित की जाएगी।

समर इंटर्नशिप में देश-विदेश के विश्वविद्यालयों के स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र और शोधार्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभागी अंतरिक्ष के विभिन्न वर्टिकल्स, डिवीज़नों और सेल्स के साथ मिलकर कार्य करेंगे और उन्हें ड्रोन टेक्नोलॉजी, कैनसेट और क्यूबसैट (स्टूडेंट सैटेलाइट), रॉकेट्री, रिमोट सेंसिंग और आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर इंटर्नशिप में कुल दो बैच होंगे, जिनमें प्रतिभागी अपनी सुविधानुसार किसी भी बैच का चयन कर सकते हैं। पहले बैच का प्रारंभ 1 मई से होगा, जो 15 जून तक चलेगा। इसमें इंडिया स्पेश लैब ने कुल 1270 सीटें निर्धारित की हैं, जबकि दूसरे बैच का प्रारंभ 17 जून से 4 जुलाई तक होगा, जिसमें 1045 सीटें निर्धारित की गई हैं। पहले बैच के लिए पंजीकरण 27 अप्रैल तक, जबकि दूसरे बैच के लिए 10 जून अंतिम तिथि तय की गई है।

इस दौरान छात्रों को एडवांस ड्रोन तकनीकी, स्टूडेंट सेटेलाइट, रॉकेटरी ट्रेनिंग, रिमोट सेंसिंग से लेकर आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष भौतिकी से संबंधित तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।



इंडिया स्पेश लैब प्रतीकात्मक तस्वीर।

### यहां कर सकते हैं आवेदन

- इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक छात्र https://isl.internship.indiaspaceweek.org/ अथवा https://isl.ac.in/ लिंक पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं।

# अप्रैल से शुरू होगा स्कूल चलो अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 6-14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों के बीच चलेगा अभियान
- एलईडी वैन से फिल्म दिखाकर बच्चों, अभिभावकों को किया जाएगा जागरूक

**अमृत विचार:** प्रदेश भर में शैक्षिक सत्र 2026-2027 के लिए स्कूल चलो अभियान की शुरुआत 1 अप्रैल से होगी। यह अभियान दो चरणों में 15-15 दिनों तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य 6-14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से जोड़ना है। अभियान के तहत वंचित वर्ग के बच्चे, बालिकाएं, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे और कामकाजी बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहला चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल और दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित होगा।

इस अभियान को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर रणनीति और कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक जिले को 5 लाख रुपये, प्रत्येक ब्लॉक को 10 हजार रुपये और प्रत्येक विद्यालय को 2,500 रुपये गतिविधियों के आयोजन के लिए आवंटित किए गए हैं। अधिक से अधिक बच्चों और अभिभावकों को जोड़ने के लिए एलईडी वैन के माध्यम से प्रमुख बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर वृत्तचित्र और लघु फिल्म दिखाकर जागरूक किया जाएगा।

स्कूल चलो अभियान का प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, रैलियों, प्रभात फेरियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा एलईडी वैन जैसे जनसंपर्क माध्यमों से किया जाएगा।

### अभियान का लक्ष्य

- 3 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का आंगनबाड़ी या बालवाटिका में नामांकन
- 6 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों का कक्षा 1 में शत-प्रतिशत नामांकन
- 7 से 14 वर्ष के सभी ड्रॉपआउट या आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण और विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन
- कक्षा 5 से कक्षा 6 में 100 प्रतिशत नामांकन
- कक्षा 8 से कक्षा 9 में 100 प्रतिशत नामांकन
- कक्षा 10 से कक्षा 11 में 100 प्रतिशत नामांकन